प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 17.12.2024 समय: 2.10 PM

नदी जोड़ो अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में पार्वती, चंबल और कालीसिंध नदी जोड़ो अभियान के लिए आज केन्द्र सरकार,मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच त्रि-पक्षीय अनुबंध हुआ । इस परियोजना से प्रदेश के 3 हजार 217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ है, जिसमें मध्यप्रदेश 35 हजार करोड़ और राजस्थान 37 हजार करोड़ रूपये व्यय करेगा।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीति, विवाद की नहीं संवाद की है। हम विरोध में नहीं, सहयोग में विश्वास करते हैं। हम व्यवधान में नहीं, समाधान पर यकीन करते हैं। इसलिए, जैसे ही MP और राजस्थान में भाजपा सरकार बनी तो, पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना पर समझौता हो गया।

प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा कि इस परियोजना में चंबल और इसकी सहायक नदियों जैसे पार्वती, कालीसिंध, बनास, बाणगंगा का पानी आपस में जोड़ा जाएगा। इससे राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों के विकास में तेजी आएगी। वहीँ मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि आधुनिक भागीरथ की तरह प्रधानमंत्री का आशीर्वाद हम सभी को मिल रहा है।

एनआरआई समिट

इंदौर में आयोजित दो दिवसीय एनआरआई समिट का आज समापन होगा । यहां ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस समिट में 28 देशों से 150 अप्रवासी भारतीय शामिल हुए हैं । समिट का शुभारंभ उद्योगपति विमल तोड़ी ने किया था । इंदौर से विदेशों में जाकर बसे अप्रवासी भारतीयों के लिए आयोजित इस समिट में पहले दिन दो पैनल डिस्कशन हुए। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि एनआरआई फोरम केवल एक वार्षिक मीट नहीं है, बल्कि यह इंदौर और इसके वैश्विक परिवार के बीच एक मजबूत संबंध का उत्सव है।

मौसम

राजधानी भोपाल सहित पूरा प्रदेश बीते एक सप्ताह से शीतलहर की चपेट में है। पहाड़ी इलाकों में हो रही लगातार बर्फबारी का असर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। इस बार जनवरी से भी ठंडा दिसंबर है। भोपाल समेत कई शहरों में ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मौसम विभाग ने

आज भी भोपाल, जबलपुर समेत 20 से ज्यादा जिलों में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान काफी कम होने से उधर से आ रही सर्द हवाओं के कारण प्रदेश में ठंड बढ़ी हुई है। अभी दो तीन दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा और ठंड के तेवर तीखे बने रह सकते हैं। उसके बाद हवाओं का रुख पूर्वी तरफ होने से ठंड से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। जबलपुर में शीत लहर का कहर जारी है। गरम कपड़ों से भी राहत नहीं मिल रही। ठंड से बचाव के लिए लोग आग का सहारा ले रहे हैं।

समाचार संक्षेप में....

- जबलपुर जिले में केन्द्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान शुरू किया गया है।
- प्रदेश में जबलपुर सहित विभिन्न शहरों के पुलिस थानों में बनाए जा रहे हनुमान मंदिरों का मामला हाई कोर्ट तक पहुंच गया है। हाई कोर्ट की जबलपुर बेंच ने सरकार से ऐसे थानों की लिस्ट मांगी है, जहां मंदिर बनाए जा रहे हैं।
- नर्मदापुरम में राजस्व महाभियान 3.0 के अंतर्गत अब तक 11 हजार 173 नक्शे बटांकन प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया है।
- बैतूल में शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से लौट रहे दो भाईयों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इस टक्कर में दोनों भाईयों की मौत हो गई।